Roll No.----------------------

| प्रश्नपुस्तिका क्रमांक<br>Question Booklet No. |
|---|
| |

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| प्रश्नपुस्तिका सिरीज<br>Question Booklet Series |
|---|
| **A** |

# B.A.LL.B (Sixth Semester) Examination, January-2022

## B.A.LL.B604 (PAPER-IV)

## LABOUR LAW-II

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**353**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Who among the following are not actors of Industrial Relation-
   (A) Workers and their organizations
   (B) Employers and their Organization
   (C) Community and Cultural-Associations
   (D) Government and Role of state.

1. निम्न में से कौन औद्योगिक संबन्धों के अभिकर्ता नहीं होते हैं–
   (A) श्रमिक और उनके संगठन
   (B) नियोजक उनके संगठन
   (C) सामुदायिक एवं सांस्कृतिक एसोशियेशन
   (D) सरकार और राज्य की भूमिका

2. Labour welfare Legislations and programs in India have their constitutional roots in-
   (A) Preamble
   (B) Directive Principle of state policy.
   (C) In Both (A) and (B) options
   (D) Fundamental Duties

2. भारत में श्रमिक कल्याण विधायनों एवं योजनाओं के संवैधानिक जड़े निहित है–
   (A) उद्देशिका में
   (B) राज्य में नीति निर्देशक तत्वों में
   (C) दोनों (A) और (B) विकल्प में
   (D) मूलभूत कर्तव्यों में।

3. The international Labour Report has used the term "The other India at work" addressing to-
   (A) Unorganized workers in India
   (B) Organized workers in India
   (C) Unorganized women workers
   (D) Unorganized Agriculture workers

3. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक रिपोर्ट ने "द अदर इंडिया ऐट वर्क (दूसरा कार्यरत भारत)" शब्दावली का प्रयोग किसके संदर्भ में किया है–
   (A) भारत के असंगठित श्रमिकों के लिए
   (B) भारत के संगठित श्रमिकों के लिए
   (C) असंगठित महिला श्रमिकों के लिए
   (D) असंगठित कृषि श्रमिकों के लिए

4. Today the <u>terms of contract and conditions of service"</u> of Employer given to worker are in nature of-
   (A) Status
   (B) Contract
   (C) Personal
   (D) Group based and status based

4. आज नियोजक की संविदा और सेवा शर्ते जो श्रमिकों को दी जाती है आधारित है–
   (A) प्रास्थिति पर
   (B) संविदा पर
   (C) व्यक्तिगत स्तर पर
   (D) सामूहिक तथा प्रास्थिति पर

5. The concept of collecting Bargaining considers-
   (A) Problem/Dispute of Individual worker is not his but that of Association of workers
   (B) Individual Interest of worker is merged in collective Interest
   (C) For maintenance of Industrial peace collective bargaining is most suitable
   (D) All the above are true

5. सामूहिक सौदेबाजी की संकल्पना यह मानती है कि–
   (A) श्रमिक को समस्या/विवाद वैयक्तिक न होकर संघ के श्रमिकों का होता है।
   (B) व्यक्तिगत हित का विलय सामूहिक हित में हो गया है।
   (C) औद्योगिक शान्ति कायम रखने के लिए सामूहिक सौदेबाजी सबसे उपयुक्त है।
   (D) उपरोक्त सभी सत्य हैं

6. The Article of the Indian constitution directing the state to strive for providing 'Living wages' to the workers by suitable measures or by legislation is-
   (A) Article 42
   (B) Article 43
   (C) Article 41
   (D) Article 39-A

6. संविधान का वह अनुच्छेद जो राज्य को निर्देशित करता है कि श्रमिकों को 'निर्वाह मजदूरी' उपयुक्त माध्यमों अथवा विधायन द्वारा दिलाने के लिए प्रयासरत रहें हैं–
   (A) अनुच्छेद 42
   (B) अनुच्छेद 43
   (C) अनुच्छेद 41
   (D) अनुच्छेद 39– A

7. Industrial Peace, Economic development of nation welfare of the workers and employer is possible only when Government-
   (A) As a third party intervenes and balances the interests of workers, employers and society-
   (B) Make requisite Legislation for balancing above interests
   (C) Provides restriction and regulation on each interests
   (D) All the above are correct

7. औद्योगिक शान्ति राष्ट्र का आर्थिक विकास, श्रमिको तथा नियोजकों का कल्याण तभी संभव है जब सरकार–
   (A) एक तृतीय पक्षकार के रूप में हस्तक्षेप करते हुए श्रमिकों, नियोजकों तथा समाज के हितों में सामंजस्य स्थापित करें।
   (B) उपरोक्त हितों को साधने हेतु उपयुक्त विधायन करें।
   (C) प्रत्येक हित पर कुछ प्रतिबन्ध तथा विनयमन लगायें।
   (D) उपरोक्त सभी सही हैं।

8. The material resources are decentralized, disparity in income between haves and haves not should decreaseand not increase and poor, weak and all sections of society get their due is object of -
(A) Social Engineering
(B) Social Justice
(C) Gender Justice
(D) Labour Justice

9. When any legislation empowers the Government to make proper and beneficial rules keeping in mind the demand of the circumstances then it is called-
(A) Social Equity
(B) Legal Equity
(C) Both Social and legal Equity
(D) None of the above

10. Payment of Gratuity Act, 1972, Employees state insurance Act-1948, Employees provident fund Act and family pension fund fall under the category of-
(A) Social Security Legislations
(B) Social Welf are Legislations
(C) General Legislations
(D) Negative Legislations

11. To resolve the conflicts between employers and workers and to settle current and future Industrial Disputes the Government has provided mechanism of
(A) Conciliation
(B) Arbitration
(C) AdjudicationMachinery
(D) All the above

8. भौतिक संसाधनों का विकेन्द्रीकरण हो, वंचितों और संपन्नों के मध्य, आय की विषमता कम हो न कि बढ़े और समाज के गरीब, निर्बल तथा सभी व्यक्तियों को उनके हक प्राप्त हों, यह उद्देश्य होता है–
(A) सामाजिक अभियान्त्रिकी का
(B) सामाजिक न्याय का
(C) लिंग न्याय का
(D) श्रमिक न्याय का

9. जब कोई विधायन सरकार को शक्ति प्रदान करता है किवह बदली हुई परिस्थितियों को ध्यान में रखकर उचित और अनुकूल नियम बनाये तो इसे कहते हैं–
(A) सामाजिक साम्या
(B) विधिक साम्या
(C) सामाजिक एवं विधिक साम्या दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. पेमेन्ट ऑफ ग्रैच्युटी ऐक्ट, 1972, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, परिवार पेंशन निधि सभी जिस वर्ग में आयेंगे, वह है–
(A) सामजिक सुरक्षा विधायन में
(B) समाज कल्याणकारी विधायन में
(C) सामान्य विधायन में
(D) नकारात्मक विधायन में

11. नियोजकों तथा श्रमिकों के संघर्ष के तथा वर्तमान तथा भविष्य में उत्पन्न होने वाले औद्योगिक विवादों के समाधान के लिए सरकार द्वारा बनाई गई क्रिया विधि है–
(A) कानसिलियेशन की
(B) आर्बिट्रेशन की
(C) एड्जूडीकेशन मशीनरी
(D) उपरोक्त सभी

12. The Basic Principle of Industrial Adjudications is-
(A) Interdependence of social and Individual Interests
(B) Both Society and Individual have expectation from each other
(C) Industrial adjudication should benefit individuals and worker but not at cost of public interest
(D) All the above

12. औद्योगिक न्याय निर्णयन का प्रमुख सिद्धान्त है–
(A) सामाजिक एवं व्यक्तिगत हित का अन्योन्याश्रित होना
(B) समाज एवं व्यक्ति की एक दूसरे से अपेक्षाएं होती हैं।
(C) औद्योगिक न्यायिक निर्णयन व्यक्ति तथा श्रमिक को लाभन्वित करें परन्तु लोकहित को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किये बिना।
(D) उपरोक्त सभी

13. Point out the incorrect option-
The Adjudicating Mechanism Prescribed and Industrial Dispute Act 1947 of-
(A) Labour Court
(B) Tribunals
(C) Arbitration
(D) National Tribunal

13. निम्न से गलत विकल्प को इंगित करें–
औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अन्तर्गत निर्धारित 'एड्जूडीकेटिंग मैकेनिज्म' में सम्मिलित है–
(A) श्रम न्यायालय
(B) ट्रिब्यूनल (अधिकरण)
(C) पंच–निर्णय (आरबिट्रेशन)
(D) राष्ट्रीय अधिकरण

14. The Provision related to resolution Industrial Disputes between Employer and worker under Industrial Dispute Act 1947 is provided under section-
(A) 10
(B) 10-A
(C) 11
(D) 12

14. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, की किस धारा के अन्तर्गत नियोक्ता तथा श्रमिकों के विवादों के निस्तारण हेतु 'पंच– निर्णय' के प्रावधान की व्यवस्था जिस धारा की गई है, वह है–
(A) 10
(B) 10-A
(C) 11
(D) 12

15. Which among the following is not principle of labour legislation-
(A) Principle of Protection
(B) Principle of Reasonable standard of living
(C) Principle of Social security and welfare
(D) Principle of Social Justice

16. 'Strike' is the collective weapon of workers to get their demands fulfilled when as Lock out is the weapon of -
(A) Workers individually
(B) Employer
(C) State Government
(D) Central Government

17. Point out the <u>In correct</u> option: During strike the relationship of Employer and Employee-
(A) Ends
(B) Continues though in very hostile form
(C) Right to strike is not a Fundamental Right of Workers under Act. 19 of the Constitution.
(D) Strike is last resort of workers to get their demand fulfilled.

18. The Circumstances under which a 'Strike' would be illegal is provided under which of the following section of Industrial Disputes Act 1947?
(A) 22
(B) 23
(C) 20
(D) 21

15. निम्न में से कौन श्रमिक विधियों (विधायनों) का सिद्धान्त नहीं है–
(A) संरक्षण का सिद्धान्त
(B) युक्तियुक्त जीवन–यापन का सिद्धान्त
(C) सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण का सिद्धान्त
(D) सामाजिक न्याय का सिद्धान्त

16. हड़ताल श्रमिकों का अपनी माँगे पूरी करवाने का सामूहिक अस्त्र है जबकि तालाबंद अस्त्र है–
(A) श्रमिकों का पृथक रूप में।
(B) नियोजक का
(C) राज्य सरकार का
(D) केन्द्र सरकार का

17. निम्न में से <u>गलत विकल्प</u> का चयन करें– हड़ताल के दौरान नियोक्ता तथा कर्मचारियों का संबंध–
(A) खत्म हो जाता है
(B) बना रहता है परन्तु विस्फोटक रूप में
(C) हड़ताल करना संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत श्रमिकों का मूल अधिकार नहीं है।
(D) हड़ताल अपनी माँगों को पूरा कराने का श्रमिकों का अंतिम हथियार है।

18. जिन परिस्थितियों में हड़ताल 'अवैध' होगा उसका प्रावधान औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की किस <u>धारा</u> में किया गया है?
(A) 22 में
(B) 23 में
(C) 20 में
(D) 21 में

19. Which is not acceptable ground for Lay – off:

(A) Shortage of coal or fuel to run machinery

(B) Non supply of electricity making it impossible to run Machinery

(C) Over production of goods

(D) Non availability of raw-material

19. कौन 'जबरन छुट्टी' का स्वीकार्य आधार नहीं है–

(A) कोयला या ईंधन का अभाव मशीनरी चलाने के लिए

(B) बिजली की आपूर्ति बंद हो जाने के कारण मशीनरी चलाना असंभव हो जाना।

(C) माल का अतिउत्पादन

(D) कच्चे माल की अनुपलब्धता

20. The definition of 'Retrenchment' is given in which of the following section of Industrial Dispute Act 1947-

(A) Section 2 (f)

(B) Section 2 (gg)

(C) Section 2 (b)

(D) Section 2 (oo)

20. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की निम्न में से किस धारा में परिभाषा दी गई है–

(A) धारा 2 (f) में

(B) धारा 2 (gg) में

(C) धारा 2 (b) में

(D) धारा 2 (oo) में

21. Worker participation in Industrial management refers to-

(A) Their direct involvement in recruitment process.

(B) Their participation in decision making process of the organization

(C) Equitable ownership in the organization

(D) Parallel alternative management style

21. श्रमिकों का औद्योगिक प्रबन्धन में भागिता से तात्पर्य है–

(A) उनकी भर्ती प्रक्रिया में प्रत्यक्ष सहभागिता

(B) उनकी संगठन में निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहभागिता

(C) संगठन के साम्यिक स्वामित्व से

(D) प्रबन्धन की समान्तर वैकल्पिक पद्धति

22. Which among the following is not an advantage due to workers participation in Management of organization-
   (A) Prevalence of Industrial Democracy.
   (B) Higher Motivation toward organization objectives.
   (C) Running of parallel management
   (D) Less Friction in the organizations

22. निम्न में से कौन श्रमिकों के औद्योगिक प्रबन्ध में सहभागिता से लाभ नहीं है–
   (A) 'औद्योगिक लोकतन्त्र' का स्थापित रहना
   (B) संगठन के उद्देश्य के प्रति अधिक अभिप्रेरणा
   (C) वैकल्पिक समान्तर प्रबन्धन चलाना
   (D) संगठन में कम विवाद होना

23. Which among the following is <u>not</u>the Primary objective of Industrial Relations and Labour laws-
   (A) Maintaining social equity
   (B) Providing credit facilities to Industries
   (C) Promoting economic growth
   (D) Industrial Democracy and welfare

23. निम्न में से कौन औद्योगिक संबंधो और श्रमिक विधियों का प्राथमिक उद्देश्य <u>नहीं</u> है–
   (A) सामाजिक साम्या को बनाये रखना
   (B) उद्योगों को 'साख सेवायें' प्रदान करना
   (C) आर्थिक विकास को बढ़ावा देना
   (D) औद्योगिक लोकतन्त्र तथा कल्याण

24. 'Unfair labour practices'mean any of the practice mentioned in-
   (A) Schedule II of Industrial Disputes Act
   (B) Schedule III of Industrial Disputes Act.
   (C) Schedule IV of the Industrial Disputes Act.
   (D) All the above are true

24. असम्यक श्रमिक व्यवहार(चलन) से तात्पर्य है–
   (A) औद्योगिक विवाद अधिनियम के द्वितीय अनुसूची से
   (B) औद्योगिक विवाद अधिनियम की तीसरी अनुसूची से
   (C) औद्योगिक विवाद अधिनियम की चौथी अनुसूची
   (D) उपरोक्त सभी सही है

25. Termination of the service of workman by the employer owing to continued ill health amounts to-
(A) Retrenchment
(B) No Retrenchment
(C) Lay-off
(D) None of the above

25. कर्मकार की सेवायें सतत् खराब स्वास्थ्य के आधार पर नियोजक द्वारा समाप्त करना होगा–
(A) छँटनी
(B) छँटनी नहीं है
(C) जबरी छुट्टी (काम से लौटाया जाना)
(D) उपरोक्त में से कोई नही

26. The Principle "Last come first go' fundamentally applies to
(A) Retrenchment
(B) Lay-off
(C) Both Retrenchment and Lay-off
(D) Neither applicable to Retrenchment nor to Lay-off

26. ''अन्त में आये पहले जाये'' का सिद्धान्त मूलभूत रूप से लागू होता है–
(A) छँटनी पर
(B) जबरी छुट्टी पर
(C) छँटनी तथा जबरी छुट्टी दोनों पर
(D) न ही छँटनी और न ही जबरी छुट्टी पर लागू होता है

27. While Retrenching a workman who has been in continuous service for more than a year the length of notice to be given to him would be of-
(A) 1 months
(B) 3 months
(C) 2months
(D) 15 days

27. किसी ऐसे कर्मकार की छँटनी जो कि एक साल से अधिक निरन्तर सेवारत रहा हो को दिये जाने वाली सूचना (नोटिस) की अवधि होगी–
(A) एक माह
(B) तीन माह
(C) दो माह
(D) 15 दिन

28. The section dealing with prohibition of lay-off under Industrial disputes Act 1947 is-
(A) Section 25 N
(B) Section 25 M
(C) Section 25 F
(D) Section 25 (D)

28. औद्योगिक विवाद अधिनियम की वह धारा जो जबरी छुट्टी पर प्रतिबन्ध का प्रावधान करता है वह है–
(A) धारा 25 N
(B) धारा 25 M
(C) धारा 25 F
(D) धारा 25 (D)

29. The Penalty for closing an undertaking without prior notice is-
(A) Imprisonment up to 6 months
(B) Fine up to 5000-/Rupees
(C) Both imprisonment and fine
(D) All the above

29. बिना पूर्व सूचना दिये किसी उपक्रम को बन्द करने की शास्ति है–
(A) 6 माह तक का कारावास
(B) 5000–/ रूपये तक का जुर्माना
(C) कारावास तथा जुर्माना दोनों
(D) उपरोक्त सभी

30. The section of Industrial Disputes Act 1947 Providing for compensation to workmen in case of transfer of undertakings is-
(A) Section 25 F
(B) Section 25 E
(C) Section 25 FF
(D) Section 25 (A)

30. औद्योगिक विवाद अधिनियम की वह धारा जो उपक्रमों के स्थानान्तरण पर कर्मकारों को प्रतिकार देने का प्रावधान करती है–
(A) धारा 25 F
(B) धारा 25 E
(C) धारा 25 FF
(D) धारा 25 (A)

31. <u>Choose the best option</u>-
The 'Conciliation officer' under the Industrial Disputes Act is appointed by-
(A) State Government
(B) Central Government
(C) Both State and central Govt.
(D) Appropriate Government

31. <u>सर्वोच्च विकल्प चुने</u>–
औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत 'समझौता अधिकारी' की नियुक्ति की जाती है–
(A) राज्य सरकार द्वारा
(B) केन्द्र सरकार द्वारा
(C) राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों द्वारा
(D) समुचित सरकार द्वारा

32. Which section of Industrial Disputes Act:1947 mentions the duties of a conciliation officer-
(A) Section 12
(B) Section 13
(C) Section 14
(D) Section 11

32. औद्योगिक अधिनियम की वह धारा जो समझौता अधिकारी के कार्यों का उल्लेख करती है, वह है–
(A) धारा 12
(B) धारा 13
(C) धारा 14
(D) धारा 11

33. The section of Industrial Dispute Act 1947, related to "Labour Court" is-

(A) Section 3
(B) Section 7
(C) Section 8
(D) Section 4

33. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, की वह धारा जो 'श्रम न्यायालय'' से संबंधित है, वह है–

(A) धारा 3
(B) धारा 7
(C) धारा 8
(D) धारा 4

34. Section 28 of the Industrial Disputes Act, 1947 Deal with-

(A) Delegation of Powers
(B) Industrial Adjudications
(C) Penalty for giving financial aid to illegal strikes and lock-outs
(D) Power to make rules

34. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, की धारा 28 संबंधित है–

(A) शक्तियों के प्रत्यायोजन से
(B) औद्योगिक निर्णयन से
(C) अवैध हड़ताल और तालाबंदी के लिए आर्थिक सहयता देने पर जुर्माना
(D) नियम बनाने की शक्ति

35. Any Employer who resorts to Lay-off or retrenchment without prior permission would be punishable with-

(A) Imprisonment of one month
(B) Fine of Rs 1,000/=
(C) With both (A) and (B)
(D) All of the above

35. कोई भी नियोजक जो बिना पूर्व अनुमति के जबरी–छुट्टी अथवा छँटनी करता है, दंडित होगा–

(A) एक माह के कारावास से
(B) 1,000/= रूपये के अर्थ दण्ड से
(C) (A) और (B) दोनों से
(D) उपरोक्त सभी से

36. Which among the following is not a machinery for settlement of industrial disputes under the Industrial Disputes Act1947-

(A) Conciliation officer
(B) Board of Conciliations
(C) Labour Court
(D) Collective Bargaining

36. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अन्तर्गत निम्न में से कौन औद्योगिक विवादों का निपटारा करने वाली मशीनरी नहीं है–

(A) समझौता अधिकारी
(B) समझौता बोर्ड
(C) श्रम न्यायालय
(D) सामूहिक सौदेबाजी

37. "Wages are what is left to the workers out of the product after rent, profit and interests have claimed their shares" This statement refers to which wage theory?
(A) Subsistence Theory
(B) Deduction Theory
(C) Theory of marginal utility
(D) The wage fund doctrine theory

37. मजदूरी से तात्पर्य उस धनराशि से जो उत्पाद से श्रमिकों के लिए शेष रह जाती है जब किराया, लाभ और अन्य हितों ने अपना अंश प्राप्त कर लिया हो यह कथन मजदूरी के किस सिद्धान्त को बताता है?
(A) सब्सिस्टेन्स सिद्धान्त को
(B) डिडक्शन सिद्धान्त को
(C) थियरी ऑफ मारजिनल यूटिलिटी को
(D) दि वेज फण्ड डाक्ट्रिन सिद्धान्त

38. Subsistence theory of wages was supported by-
(A) Adam smith
(B) Ricardo
(C) James stuart Mill
(D) Cauldor

38. मजदूरी के सब्सिस्टेन्स सिद्धान्त के समर्थक थे–
(A) एडम स्मिथ
(B) रिकार्डो
(C) जेम्स स्टुअर्ट मिल
(D) काल्डोर

39. The necessity of "Need based Minimum Wages" was for first time considered by-
(A) First wage Commission
(B) Second wage Commission
(C) Indian Labour Conference (1957)
(D) Fair Wage Committee

39. ''आवश्यकता पर आधारित मजदूरी देने का विचार सर्वप्रथम निम्न में से किसके द्वारा विचार किया था–
(A) प्रथम मजदूरी आयोग द्वारा
(B) द्वितीय मजदूरी आयोग द्वारा
(C) भारतीय मजदूर सम्मेलन (1957) द्वारा
(D) उचित मजदूरी समिति द्वारा

40. The term "Wages" has been defined under which section of the Minimum Wages Act. 1948?
(A) Section 2 (h)
(B) Section 2 (f)
(C) Section 2 (d)
(D) Section 2 (c)

40. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 की कौन सी धारा 'मजदूरी' को परिभाषित करती है?
(A) धारा 2 (h)
(B) धारा 2 (f)
(C) धारा 2 (d)
(D) धारा 2 (c)

41. The power to "Fix Minimum rates of wages" has been entrusted to which authority under Minimum Wages Act 1948?
(A) Appropriate Government
(B) State Government
(C) Central Government
(D) Indian Labour commission

41. ''मजदूरी की न्यूनतम देय दर का निर्धारण'' करने की अधिकारिता न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत किस प्राधिकारी को दी गयी है?
(A) समुचित सरकार को
(B) राज्य सरकार को
(C) केन्द्र सरकार को
(D) भारतीय श्रमिक आयुक्त को

42. Which among the following is not the object of Minimum Wages Act 1948-
(A) To increase the efficiency of workers
(B) To encourage competition among the employers regarding Minimum wages
(C) To raise the standard of living of workers
(D) Strengthen Labour unions

42. निम्न में से कौन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 का उद्देश्य नहीं है–
(A) श्रमिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना
(B) सेवायोजकों के मध्य न्यूनतम मजदूरी के संबंध में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना
(C) श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊँचा करना
(D) श्रमिकों संघो को सुदृढ़ करना

43. 'Adolescent' under Minimum Wage Act 1948 means a person -
(A) Who is 18 years of age
(B) Completed 14 years of age but is below 18 years.
(C) Who has not completed 14 years age.
(D) None of the above

43. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 'तरूण' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है–
(A) जो 18 वर्ष का हो।
(B) जिसने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो परन्तु 18 वर्ष का न हुआ हो।
(C) जिसने 14 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

44. The ferms 'Appropriate Government' and 'Wages' under the Minimum Wages Act 1948 and 'Payment of Wages Act 1936' have-
(A) Same Meaning
(B) Different meaning
(C) Limited meaning under Payment of Wages Act 1936.
(D) None of the above

44. 'समुचित सरकार' तथा 'मजदूरी' शब्दावली का अर्थ जो न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 में है, उनका अर्थ मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के अन्तर्गत–
(A) वही है
(B) अलग है
(C) मजदूरी भुगतान अधिनियम मे सीमित है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

45. The types of wages mentioned under Minimum Wages Act 1948 do not include-

(A) Minimum wage
(B) Fair wage
(C) Extraordinary wage
(D) Living wage

45. न्यूनतम मजदूरी अधिनिमय 1948 में वर्णित मजदूरी के प्रकारों में सम्मिलित नहीं है–

(A) न्यूनतम मजदूरी
(B) उचित मजदूरी
(C) असाधारण मजदूरी
(D) जीवन–निर्वाह मजदूरी

46. 'Procedure for fining and revising minimum wages' is contained in which section of Minimum Wages Act 1948?

(A) Section 5
(B) Section 7
(C) Section 8
(D) Section 9

46. न्यूनतम मजदूरी की गणना करने तथा पुनर्विलोकन की प्रक्रिया का उल्लेख न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 की किस धारा में किया गया है?

(A) धारा 5 में
(B) धारा 7 में
(C) धारा 8 में
(D) धारा 9 में

47. 'Industrial Establishment has been defined under which section of Payment of Wages Act 1936?

(A) Section 2 (ii)
(B) Section 2 (i)
(C) Section 3 (i)
(D) Section 3 (ii)

47. मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 की किस धारा में ''औद्योगिक प्रतिष्ठान'' को परिभाषित किया गया है?

(A) धारा 2 (ii)
(B) धारा 2 (i)
(C) धारा 3 (i)
(D) धारा 3 (ii)

48. Section 2 (d) of the Minimum Wages Act 1948 is related to-

(A) Scheduled Employments
(B) Living Price Index
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) nor (B)

48. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 की धारा 2 (d) संबंधित है–

(A) अनुसूचित नियोजनो से
(B) निर्वाह व्यय सूचकांक से
(C) (A) और (B) दोनों से
(D) न तो (A) से और न ही (B) से

49. Which kind of 'Employee' is not mentioned in Minimum Wages Act 1948-
(A) Skilled Employee
(B) Adour Employee
(C) Semi-Skilled employee
(D) Unskilled Employee

49. निम्न में से कौन से प्रकार के कर्मचारी का उल्लेख न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत नहीं है–
(A) कुशल कर्मचारी
(B) तदर्थ कर्मचारी
(C) अर्द्धकुशल कर्मचारी
(D) अकुशल कर्मचारी

50. Point out the best option -
(A) Fair wage is above Minimum wage
(B) Minimum wage are the least of all three wages
(C) Fair wage lies between minimum wage and Living wage
(D) All the above are correct

50. सर्वोत्कृष्ट विकल्प का चयन करें–
(A) उचित मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से ऊपर है।
(B) न्यूनतम मजदूरी तीनों मजदूरियों में सबसे कम है।
(C) उचित मजदूरी, न्यूनतम मजदूरी और जीवन–निर्वाह मजदूरी के मध्य में आती है।
(D) उपरोक्त सभी सही है।

51. Which of the following is included from the definition of 'wages' under the Minimum Wages Act 1948?
(A) House Rent-Allowance
(B) Dearness Allowance
(C) Basic Salary
(D) All the above

51. 'न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, के अन्तर्गत मजदूरी' की परिभाषा में निम्न में किसको बाहर रखा गया है?
(A) गृह किराया भत्ता
(B) महँगाई भत्ता
(C) मूल वेतन
(D) उपरोक्त सभी को

52. The 'Appropriate Government' may fixminimum wages under the Minimum Wages Act-
(A) By the hour
(B) By the day
(C) By the month
(D) Any of the above

52. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अन्तर्गत 'समुचित सरकार' न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण कर सकती है–
(A) प्रति घंटा की दर से
(B) प्रतिदिन की दर से
(C) प्रतिमाह की दर से
(D) उपरोक्त में से कोई भी

53. Who advises the appropriate Government for Co-ordinating work of committees and sub-committees under the Minimum Wages Act 1948?
(A) Advisory Board
(B) High Court
(C) Local Authority
(D) Chief committee

53. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कौन 'समुचित सरकार' को समितियों तथा उप–समितियों के कार्यों के मध्य समन्वय बनाने की सलाह देता है?
(A) सलाहकारी बोर्ड
(B) उच्च न्यायालय
(C) स्थानीय प्राधिकारी
(D) प्रमुख समिति

54. Minimum Wages Payable under the Payment of Wages Act 1948 shall be paid in-
(A) Kind
(B) Cash
(C) Either cash or in kind
(D) Partly in cash and partly in kind.

54. 'न्यूनतम मजदूरी' का भुगतान 'न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत किया जायेगा–
(A) प्रकार में
(B) नकद में
(C) या तो नकद में या प्रकार में
(D) भागतः नकद में तथा भागतः प्रकार में

55. The <u>Maximum wage period</u> for the Payment of wages is-
(A) One month
(B) 40 days
(C) 45 days
(D) Two months

55. मजदूरी देने के लिए '<u>अधिकतम मजदूरी</u> कालावधि है–
(A) एक माह
(B) 40 दिन
(C) 45 दिन
(D) दो माह

56. Under the Payment of Wages Act 1936, the provision related to Authorised deductions in wages are mentioned in -
(A) Section 7 (2)
(B) Section 7 (1)
(C) Section 8 (2)
(D) Section 8 (1)

56. मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 की वह धारा जो केवल मजदूरी से अधिकृत कटौतियां करने का प्रावधान करती है, वह है–
(A) धारा 7 (2)
(B) धारा 7 (1)
(C) धारा 8 (2)
(D) धारा 8 (1)

57. 'Authorised Deduction in wages means-
(A) Deduction is wages permitted by any Act
(B) Deductions permitted under payment of wages Act only
(C) Deductions made in wages by authority of other Act are illegal under the act
(D) Both (B) and (C) are concred

57. मजदूरी में अधिकृत कटौतियों का अभिप्राय है–
(A) मजदूरी में सभी कटौतिया जो किसी भी अधिनियम द्वारा अधिकृत हो।
(B) केवल वे ही कटौतियाँ जो मजदूरी भुगतान अधिनियम द्वारा स्वीकृत हो
(C) अन्य अधिनियमो के अन्तर्गत कटौतियाँ गैरविधिक होंगी इस अधिनियम में
(D) दोनो (B) ओर (C) सही हैं

58. The Section of the payment of wages Act that Covers deduction for damage or loss is-
(A) Section 10
(B) Section 9
(C) Section 12
(D) Section 7

58. मजदूरी भुगतान अधिनियम की वह धारा जो क्षति अथवा हानि को कटौती में सम्मिलित करता है, वह है–
(A) धारा 10
(B) धारा 9
(C) धारा 12
(D) धारा 7

59. 'Deduction for the absence from the work' under Payment of wages Act 1936 is-
(A) Unauthorized deduction
(B) Authorized deductions
(C) Partly authorized and partly unauthorized
(D) None of the above

59. 'कार्य से अनुपस्थिति के लिए की गई कटौती' है मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के अन्तर्गत–
(A) अनाधिकृत कटौती
(B) अधिकृत कटौती
(C) भागतः अधिकृत तथा भागतः अनाधिकृत
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. The total amount of deductions from wages of employees should not exceed-
(A) 40% of the wages
(B) 25% of the wages
(C) 40% of the wages
(D) 50% of the wages

60. कर्मचारियों की 'मजदूरी' से संपूर्ण कटौती अधिक नहीं होनी चाहिए–
(A) 'मजदूरी' के 40% से
(B) मजदूरी के 25% से
(C) मजदूरी के 40% से
(D) मजदूरी के 50% से

61. The term 'Bonus' is-

(A) Defined under the payment of bonus Act 1965

(B) Undefined under the Payment of Bonus Act 1965

(C) A facet of social security

(D) Both (B) and (C) are true

61. 'Bonus' बोनस शब्द–

(A) बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के अन्तर्गत परिभाषित है।

(B) बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के अन्तर्गत अपरिभाषित है।

(C) सामाजिक सुरक्षा का एक पहलू है।

(D) (B) और (C) दोनों सहीं है।

62. The leiling on wage or salary for calculation of Bonus under the payment of Bonus Act 1965 is-

(A) Rs 2,500/=

(B) Rs 3,500/=

(C) Rs 4,500/=

(D) Rs 5,500/=

62. बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के अन्तर्गत बोनस की गणना हेतु–

मजदूरी अथवा वेतन पर लगाई गई सीमा है–

(A) रू 2,500/=

(B) रू 3,500/=

(C) रू 4,500/=

(D) रू 5,500/=

63. Allocable surplus under the Bonus Act 1965 means-

(A) 33 % of the available surplus

(B) 67% of the available surplus

(C) 65% of the available surplus

(D) 50% of the available surplus

63. बोनस अधिनियम 1965 के अन्तर्गत 'आवँटनीय अधिशेष' का अर्थ है–

(A)उपलब्ध अधिशेष का 33%

(B) उपलब्ध अधिशेष का 67%

(C) उपलब्ध अधिशेष का 65%

(D) उपलब्ध अधिशेष का 50%

64. Under which section of the payment of Bonus Act 1965 Provision related to payment of Minimum Bonus is contained-

(A) Section 9

(B) Section 11

(C) Section 10

(D) Section 12

64. बोनस भुगतान अधिनियम 1965 की कौन सी धारा न्यूनतम बोनस देने का प्रावधान करती है–

(A) धारा 9

(B) धारा 11

(C) धारा 10

(D) धारा 12

65. Payment of Bonus Act is applicable to every factory and to every other establishment where in an accounting year number of workmen employed per day are-

(A) 20 or more
(B) 10 or more
(C) 50 or more
(D) 40 or more

65. बोनस भुगतान अधिनियम द्वारा ऐसी फैक्ट्री अथवा अन्य प्रतिष्ठान पर लागू होगा जहाँ प्रत्येक लेखा वर्ष में प्रतिदिन नियोजित कर्मकारो की संख्या हो–

(A) 20 या अधिक
(B) 10 या अधिक
(C) 50 या अधिक
(D) 40 या अधिक

66. Every employee receiving salary or wages up to Rs 3,500/= per month and engaged in any type of work, is entitled to bonus for every accounting year if he has worked in that year for atleast

(A) 15 working days
(B) 30 working days
(C) 60 working days
(D) 90 working days

66. प्रत्येक कर्मचारी जिसकी मजदूरी अथवा आय रू 3,500/–प्रति माह तक हो और किसी भी प्रकृति के कार्य में नियोजित हो तब वह प्रत्येक लेखा वर्ष में 'बोनस' पाने का हकदार होगा यदि उसने उस वर्ष न्यूनतम कार्य किया हो–

(A) 15 कार्य दिवस पर
(B) 30 कार्य दिवस पर
(C) 60 कार्य दिवस पर
(D) 90 कार्य दिवस पर

67. The definition of Accounting year is given in which section of the payment of Bonus Act 1965?

(A) Section 2 (1)
(B) Section 3 (1)
(C) Section 4 (1)
(D) Section 8 (1)

67. बोनस भुगतान अधिनियम 1965 की किस धारा में 'लेखा वर्ष' को परिभाषित किया गया है?

(A) धारा 2 (1)
(B) धार 3 (1)
(C) धारा 4 (1)
(D) धारा 8 (1)

68. The minimum bonus which an employer must pay even if he suffers losses during the accounting year or there is no allocable surplus, would be-

(A) 10% of the salary or wages during the accounting year
(B) 20% of the salary or wages during the accounting year
(C) 8.33% of the salary or wages during accounting year
(D) None of the above

68. वह न्यूनतम बोनस एक नियोजक को अनिवार्य रूप से देना होगा यद्यपि वह उस लेखा वर्ष में हानि से प्रभावित हो अथवा कोई आवँटित अधिशेष न हो, होगा–

(A) उस लेखा वर्ष के वेतन अथवा मजदूरी का 10%
(B) उस लेखा वर्ष के वेतन अथवा मजदूरी का 20%
(C) उस लेखा वर्ष के वेतन अथवा मजदूरी का 8.33%
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

69. From the closing accounting year Bonus must be paid to an employee within-

(A) 6 Months
(B) 8 Months
(C) 3 Months
(D) 9 Months

69. लेखा वर्ष के बन्द होने के पश्चात् कितनी अवधि में कर्मचारी को बोनस भुगतान हो जाना चाहिए–

(A) 6 माह में
(B) 8 माह में
(C) 3 माह में
(D) 9 माह में

70. The violation of the provision of Bonus Act 1965 or rules will invite punishment to the offender with-

(A) Imprisonment up to 6 months unfine of Rs 1,000 or both.
(B) 3 months imprisonment or fine up to Rs 500 or both.
(C) 2 months imprisonment or fine up to Rs 1,000-/ or both.
(D) Only imprisonment up to 3 months

70. बोनस अधिनियम 1965 के प्रावधानों अथवा नियमों का उल्लघंन करने पर दोषी दंडित होगा–

(A) 6 माह तक का कारावास या रू 1,000–/ का अर्थ दण्ड या दोनों से
(B) 3 माह तक का कारावास या रू 500–/ तक का जुर्माना या दोनों
(C) 2 माह का कारावास अथवा रू 1000–/ का जुर्माना या दोनों।
(D) केवल तीन माह तक के कारावास से

71. The provision related to enemption of classes of Employees from Payment of Bonus Act is contained in -
(A) Section 16
(B) Section 32
(C) Section 22
(D) Section 25

71. बोनस की वह धारा जो विभिन्न भुगतान वर्ग अधिनियम के कर्मचारियों को बोनस अधिनियम से अपवर्जित करती हैं–
(A) धारा 16
(B) धारा 32
(C) धारा 22
(D) धारा 25

72. Under the factories Act 1948, the person having absolute control over the factory is called-
(A) Occupier
(B) Manager
(C) Chairman
(D) Managing Director

72. फैक्टरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत वह व्यक्ति जिसका फैक्टरी पर पूर्ण नियन्त्रण होता है कहलाता है–
(A) अधिष्ठाता
(B) मैनेजर
(C) चेयरमैन
(D) कार्यकारी निदेशक

73. The provision related to oppiontment and power of Inspectorsare contained in which sections of Factories Act 1948?
(A) Section 8 and 9
(B) Section 8 and 11
(C) Section 9 and 11
(D) Section 8 only

73. फैक्टरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत फैक्टरी में निरीक्षकों की 'नियुक्ति तथा शक्तियों' के संबंध में प्रावधान किन धाराओं में हैं?
(A) धारा 8 और 9 में
(B) धारा 8 और 11 में
(C) धारा 9 और 11 में
(D) केवल धारा 8 में

74. Section 7 of the factories Act 1948 deals with-
(A) General duties of Inspectors
(B) General duties of Occupiear
(C) General duties of welfare officer
(D) Power of welfare officer

74. फैक्टरी अधिनियम 1948 की 'धारा 7' संबंधित है–
(A) निरीक्षकों के सामान्य कर्तव्यों से
(B) अधिष्ठता के सामान्य कर्तव्यों से
(C) कल्याण अधिकारी के सामान्य कर्तव्यों से
(D) कल्याण अधिकारी की शक्तियों से

75. "Manufacturing Process" under the Factories Act 1948 is defined in section-

(A) Section 2 (m)
(B) Section2 (k)
(C) Section2 (n)
(D) Section2 (g)

75. फैक्टरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत ''विनिर्माण प्रक्रिया'' को परिभाषित किया गया है–

(A) धारा 2 (m) में
(B) धारा 2 (k) में
(C) धारा 2 (n) में
(D) धारा 2 (g) में

76. A premiser and its precincts carrying out manufacturing process <u>without aid of power</u> will be a factory under the factories Act 1948 if the number of workers working are-

(A) 10 or more
(B) 15 or more
(C) 50 or more
(D) 20 or more

76. परिसीमाओं सहित ऐसे परिसर में जहाँ विनिर्माण प्रक्रिया संचालित हो रही <u>हो बिना यन्त्रशक्ति के</u> वह, फैक्टरी अधिनियम 1948 के अनुसार फैक्टरी होगा यदि कार्यरतकर्मकारों की संख्या हो–

(A) 10 या अधिक
(B) 15 या अधिक
(C) 50 या अधिक
(D) 20 या अधिक

77. Section '49' of the factories Act 1948 deal with the appointment of-

(A) Welfare officer
(B) Safety officer
(C) Certifying surgeon
(D) Health officer

77. फैक्टरी अधिनियम की धारा 49 संबंधित है किस अधिकारी की नियुक्ति से–

(A) कल्याण अधिकारी
(B) सुरक्षा अधिकारी
(C) प्रमाणकर्ता सर्जन
(D) स्वास्थ्य अधिकारी

78. Which among the following is not a welfare measure under the factories Act of 1948-

(A) Canteen facility
(B) Creche facility
(C) Drinking water facility
(D) Availability of Alcoholic Beverage

78. निम्न में से कौन फैक्टरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कल्याणकारी सुविधा नहीं है–

(A) कैन्टीन व्यवस्था
(B) शिशुगृह व्यवस्था
(C) पीने के पानी की व्यवस्था
(D) मदिरा आधारित पेय पदार्थों की व्यवस्था

79. 'Child' under factories Act 1948 means a person who has-

(A) Completed 15 years of age
(B) Not completed 15 years of age
(C) Who is 14 years of age
(D) Person who has not completed 14 years of age

79. फैक्टरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत बालक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसने–

(A) 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो
(B) 15 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो
(C) जो 14 वर्ष का हो
(D) जो 14 वर्ष की आयु न पूर्ण किये हो

80. The section of the factories Act 1948 dealing with 'Hazadous process' is -

(A) Section 2 (cb)
(B) Section 2 (ca)
(C) Section 2 (bb)
(D) Section 2 (c)

80. फैक्टर अधिनियम 1948 की वह धारा जो 'परिसंकटमय प्रक्रिया' से संबंधित है–

(A) धारा 2 (cb)
(B) धारा 2 (ca)
(C) धारा 2 (bb)
(D) धारा 2 (c)

81. Under the factories Act 1948 there must be a <u>safety officer</u> where number of persons working in a factory are-

(A) 500
(B) 750
(C) 1000
(D) 900

81. फैक्टरी अधिनियम 1948 के अनुसार प्रत्येक फैक्टरी में सुरक्षा अधिकारी नियुक्त हो जहाँ कार्य करने वाले कर्मकारों की संख्या हो–

(A) 500
(B) 750
(C) 1000
(D) 900

82. 'A' <u>welfare officer</u> must be appointed in a factory when the number of workers in the factory is-

(A) 500
(B) 250
(C) 300
(D) 350

82. एक फैक्टरी में 'कल्याण अधिकारी' अनिवार्य रूप से नियुक्त होना चाहिए यदि उसमें काम करने कर्मकारों की संख्या हो–

(A) 500
(B) 250
(C) 300
(D) 350

83. If Chief Inspector does not grant a licence to a factory, the appeal can be made to-
(A) State Government
(B) Central Government
(C) Factory Commissioner
(D) High Court

83. यदि प्रमुख निरीक्षक फैक्टरी को लाईसेन्स देना अस्वीकार कर दे, तो अपील की जा सकेगी–
(A) राज्य सरकार को
(B) केन्द्र सरकार को
(C) फैक्टरी कमिश्नर को
(D) उच्च न्यायालय में

84. Workers particepation in safety management of a factory is provided in which section of the factories Act 1948-
(A) Section 41-G
(B) Section 41-E
(C) Section 42-G
(D) Section 42-E

84. कर्मकारों के फैक्टरी सुरक्षा प्रबन्धन में सहभागिता संबंधी प्रावधान फैक्टरी अधिनियम 1948 की किस धारा में है?
(A) धारा 41-G
(B) धारा 41-E
(C) धारा 42-G
(D) धारा 42-E

85. The New name of Workmen Compensation Act 1923 by 2010 Amendment Act is-
(A) Employees Compensation Act 1923
(B) Labour Compensation Act 1923
(C) Workers Compensation Act 1923
(D) Organization Workers Compensation Act 1923

85. 2010 संशोधन अधिनियम द्वारा कर्मकार प्रतिकार अधिनियम 1923 का नया नाम हो गया है–
(A) कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923
(B) मजदूर प्रतिकर अधिनियम 1923
(C) श्रमिक प्रतिकर अधिनियम 1923
(D) संगठन श्रमिक प्रतिकर अधिनियम 1923

86. If the personal injury caused to a workman permanently or partially lasts only 3 days then employer is not bound to pay compensation under which section of the workmen (now employee) Compensation Act 1923-
(A) Section 3 (1)
(B) Section 3 (2)
(C) Section 5 (1)
(D) Section 5 (2)

86. यदि कर्मकार को कारित व्यक्तिगत क्षति उसे तीन दिन तक पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से निःशक्त कर देती है तब भी नियोक्ता प्रतिकर देने के लिए कर्मकार (अब कर्मचारी) अधिनियम 1923 के अन्तर्गत किस धारा के अनुसार दायी नहीं होगा–
(A) धारा 3 (1)
(B) धारा 3 (2)
(C) धारा 5 (1)
(D) धारा 5 (2)

87. Section 3 (2) of Workmen (now employee) Compensation Act is related to-
(A) Employer's Liability for occupational Disease.
(B) Contracting of an occupation Disease after end of service and Employers liability-
(C) Altarnative Remedy.
(D) Equitable compensation liability of Employer

88. The liability of Employer for injury caused to a workmen of the work place is beyond doubt provided workmen acted carefully however if workman goes out for his home after work and in the way meets with accident then also employer would be liable by-
(A) Theory of National extension of employers premises
(B) Doctrine of absolute liability
(C) Equitable liability
(D) Principle that contract of service existed at accident time.

89. Point out the in correct option-
In permanent total Disability-
(A) Earning capacity is totally lost
(B) Is defined is section 2 (1) (L) of Workmen (now employee) Compensation Act.
(C) Earning capacity may revise after some time
(D) Disability is absolute and earning recovery is not possible

87. कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम की धारा 3 (2) संबंधित है–
(A) उपजीविकाजन्य बीमारियों के संबंध में नियोजक के दायित्व से।
(B) सेवा समाप्ति के पश्चात उपजीविका जन्य रोक के होने पर नियोजक के दायित्व से।
(C) वैकल्पिक उपचार से।
(D) नियोजक के साम्यिक प्रतिकर दायित्व से

88. कार्यस्थल पर कारित क्षति के लिए नियोजक दायी होता है यह निर्विवाद है बशर्ते कर्मकार सावधान रहा हो परन्तु यदि कार्य पूर्ण होने पर कर्मकार घर जाते समय दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त होता है तभी नियोजक दायी होगा–
(A) नियोजक के परिसरो का विस्तार भावात्मक प्रसरण सिद्धान्त से
(B) आत्यांतिक दायित्व सिद्धान्त से
(C) साम्यिक दायित्व से
(D) दुर्घटना के समय सेवा नियोजन विद्यमान था के सिद्धान्त पर।

89. गलत विकल्प को बताये–
स्थायी पूर्ण निर्योग्यता में–
(A) अर्जन क्षमता पूर्णतया समाप्त हो जाती है परिभाषा
(B) की कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम की धारा 2 (1) (L) में है
(C) अर्जन क्षमता कुछ समय पश्चात पुनः वापस आ सकती है।
(D) निर्योग्यता आत्यांतिक होती है और अर्जन क्षमता का वापस आना संभव नहीं होता।

90. Choose <u>the best option</u>–
Under Workmen (now employee) Compensation Act 1923, workmen compensation commissioner is a person appointed under-
(A) Section 2 (1) (b) of the Act
(B) Section 20 of the Act
(C) Section 20 but mentend under section 2 (1) (b) of the Act
(D) None of the above

90. सर्वोत्कृष्ट विकल्प का चयन करें–
कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम 1923 के अनुसार कर्मकार प्रतिकर कमिश्नर ऐसा व्यक्ति है जिसकी नियुक्ति–
(A) अधिनियम की धारा 2 (1) (b) के अन्तर्गत होती है
(B) अधिनियम की धारा 20 में हुई हो
(C) अधिनियम की धारा 20 में परन्तु वर्णन धारा 2 (1) (b) में है
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

91. The most comprenhsive legislation out of the following is-
(A) Industrial Disputes Act 1947
(B) Maternity Benefit Act 1961
(C) Factories Act 1948
(D) Employees stali Insurance Act 1948

91. निम्न में कौन सबसे वृहद विधायन है–
(A) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947
(B) प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961
(C) कारखाना अधिनियम 1948
(D) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948

92. Employees state insurance Act 1948 is appiacble to non- seasonal factories employing-
(A) 20 or more persons
(B) 10 or more persons
(C) 25 or more persons
(D) 30 or more persons

92. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 गैर–मौसमी कारखानों पर लागू होगा जो नियोजित करते हैं–
(A) 20 या अधिक व्यक्ति
(B) 10 या अधिक व्यक्ति
(C) 25 या अधिक व्यक्ति
(D) 30 या अधिक व्यक्ति

93. Under ESIC Act 1948 Medical care is provided to retired and permanently- disabled insured person and their spouses on payment of a token annual premium of-
(A) Rs. 175/=
(B) Rs. 125/=
(C) Rs. 120/=
(D) Rs. 100/=

93. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम 1948 के अन्तर्गत चिकित्सिकीय लाभ सेवानिवृत एवं स्थायी निर्योग्यता युक्त बीमित व्यक्तियों तथा उनके जीवन साथी को भी प्राप्त होता है केवल सांकेतिक वार्षिक प्रीमियम की निम्न में से किस धनराशि का भुगतान करने दें–
(A) रू० 175/=
(B) रू० 125/=
(C) रू० 120/=
(D) रू० 100/=

94. The age of dependant for obtaining dependant's benefit under the employees state insurance Act has now been enhanced from 18 years to-
(A) 25 years
(B) 21 years
(C) 30 years
(D) 22 years

95. The Employer's share of contribution under the ESI Act is-
(A) 4.75%
(B) 1.75%
(C) 8.33%
(D) 2.1%

96. As per the latest amendment the wage limit for employees to be covered under the employees state Insurance Act is-
(A) Rs 15,000/= per month
(B) Rs 18,000/= per month
(C) Rs 25,000/= per month
(D) Rs 20,000/= per month

97. 'Exampled employee' Under the Employees state Insurace Act means-
(A) An employee who is not liable to pay under the Act the employee's contribution
(B) Minor employee
(C) Minor women employee
(D) None of the above

94. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत आश्रित लाभ लेने के लिए आश्रित की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर कर दी गई है–
(A) 25 वर्ष
(B) 21 वर्ष
(C) 30 वर्ष
(D) 22 वर्ष

95. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत नियोजनकर्ता का अभिदाय (अंशदान) अंश होता है–
(A) 4.75%
(B) 1.75%
(C) 8.33%
(D) 2.1%

96. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के नवीनतम संशोधन के परिणामस्वरूप इस अधिनियम से आच्छादित होने के लिए 'मजदूरी धनराशि सीमा कर्मचारियों की होनी चाहिए–
(A) रू 15,000/= प्रतिमाह
(B) रू 18,000/= प्रतिमाह
(C) रू 25,000/= प्रतिमाह
(D) रू 20,000/= प्रतिमाह

97. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत 'छूट प्राप्त कर्मचारी' से आशय है–
(A) वह कर्मचारी जो अधिनियम के अन्तर्गत 'कर्मचारी अंशदान' करने हेतु दायी नहीं है
(B) अवयस्क कर्मचारी
(C) अवयस्क महिला कर्मचारी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. Employment Injury under the employees state Insurace Act Covers-
   (A) Bodily or personal injury to an employee caused in non seasonal factories or establishment.
   (B) Such Injury most arise during the cause of employment
   (C) Covers accidental or occupational elisease
   (D) All the above are included

98. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत सम्मिलित है–
   (A) दैहिक या व्यक्तिगत क्षति जो किसी कर्मचारी को गैर मौसमी कारखानों अथवा प्रतिष्ठानो में कारित हुई हो
   (B) ऐसी क्षति नियोजन के दौरान कारित हुई हो
   (C) संवृत करती है दुर्घटना जनित क्षति तथा व्यवसायिक रोग को
   (D) उपरोक्त सभी संवृत है

99. Pointout the incorrect option-
   (A) Employees insurance count has powers of a civil court for summring and ensuring the attendance of witness.
   (B) Order of ESI court will be enforced as a decree of Civil Court.
   (C) A civil court has jurisdiction to decided any question or dispute mentioned in section 75 (3) of the Act
   (D) Principle of natural justice are followed by court.

99. गलत विकल्प को इंगित करें–
   (A) कर्मचारी बीमा न्यायालय के पास सिविल न्यायालय की शक्ति गवाहों को बुलाने तथा उनकी हाजिरी सुनिश्चित करने के संबंध में है।
   (B) कर्मचारी बीमा न्यायालय का आदेश सिविल न्यायालय की डिक्री के समान प्रवर्तित किया जायेगा।
   (C) एक सिविल न्यायालय को कर्मचारी बीमा अधिनियम की धारा 75 (3) में वर्णित मामलों अथवा विवादों का संज्ञान लेने की अधिकारिता है
   (D) नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त का अनुपालन बड़े न्यायालय द्वारा किया जाता है।

100. The provision for constitution of standing committee of Employees State Insurance Corporation is contained in which section of the ESI Act-
   (A) Section 8
   (B) Section 7
   (C) Section 10
   (D) Section 12

100. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अन्तर्गत किस धारा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी–समिति के गठन का प्रावधान है–
   (A) धारा 8 में
   (B) धारा 7 में
   (C) धारा 10 में
   (D) धारा 12 में

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**Rough Work / रफ कार्य**

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.